संख्या- 21/2026/I/1216448/30-3-2026- **1774083**

प्रेषक,

केoपीo सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 25 जनवरी, 2026

विषय- उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के मुख्यालय हेतु किराए के भवन में सिविल एवं इण्टीरियर का कार्य कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था नामित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-15जoपo/2026-05प्राविo/2025, दिनांक 16 जनवरी, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के मुख्यालय हेतु किराए के भवन में सिविल एवं इण्टीरियर का कार्य कराये जाने के संबंध में कार्यदायी संस्था नामित किये जाने का अनुरोध किया गया है, ताकि चयनित संस्था से उक्त कार्य हेतु आगणन प्राप्त किया जा सके।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के मुख्यालय हेतु किराए के भवन में सिविल एवं इण्टीरियर का कार्य कराये जाने हेतु उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।

3- कृपया तदनुसार नामित कार्यदायी संस्था से आगणन प्राप्त कर शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(केoपीo सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-21/2026/I/1216448(1)/30-3-2026, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
2- अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उत्तर प्रदेश।
3- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
4- प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग।
5- सम्बन्धित कार्यदायी संस्था- उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(नितिन कुमार गुप्त)
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।
http://shasanadesh.up.nic.in